गुजरात के पंचमहल जिले में ग्रामीण गरीबों का सर्वेक्षण

3919. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या योजना और **कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात के पंचमहल जिले में ग्रामीण निर्धन परिवारों की संख्या और उनसे जीवन-स्तर के बारे में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराने का विचार रखती है;

(ग) क्या सरकार को कच्छ जिले में ग्रामीण परिवारों की समस्याओं के संबंध में राज्य सरकार से कोई सूचना मिली है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) 1991-92 के दौरान गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों की पहचान के लिए गुजरात सरकार द्वारा एक सर्वेक्षण आयोजित किया गया है। गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के जिला-वार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) गुजरात के कच्छ जिले में ग्रामीण परिवारों की समस्याओं के बारे में गुजरात सरकार से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

गुजरात सरकार द्वारा 1991 92 के दौरान कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या

क्र॰सं॰	जिले	आय श्रेणी (रुपये)				
		4000 तक	4001 से 6000 तक	6001 से 8500 तक	8501 से 11000 तक	जोड़ 11000 तक
1	2	3	4	5	6	7
1.	अहमदाबाद	25362	88364	45343	19253	178322
2.	अमरेली	14877	57444	13866	7631	93810
3.	कच्छ	38504	31650	22189	8890	101233
4.	खेदा	12250	37142	46124	35199	130715
5.	गांधी नगर	5053	10510	4879	2043	22485
6.	जामनगर	17408	46609	9414	8231	82662
7.	जूनागढ़	62377	56576	24814	12888	156655
8.	डांग	6105	10823	7856	2814	27688
9.	पंचमहल	137051	146655	49328	22050	355084
10.	बनासकांथा	37101	84861	37665	16972	176599
11.	भरूच	43181	99633	20890	4293	167997
12.	भावनगर	39546	60272	28374	16226	144418
13.	महसना	3023	72374	38881	19167	133445
14.	राजकोट	47683	68538	16683	8601	141505
15.	वडोदरा	15970	82324	58458	14533	171285
16.	वलसाड	19316	62350	53364	10282	145312
17.	साबरकंथा	66108	51817	26423	12521	156869
18.	सूरत	5350	62239	54485	23292	145276
19.	सुरेन्द्र नगर	30551	39247	14799	3975	88572
	जोड़	626816	1169428	573835	248861	2618940